_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date-  Class- V
Subject- Hindi Language  Page-1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

'सामासिक शब्द'

सुप्रभात प्यारे बच्चो!
यह पाठ 'सामासिक शब्द' कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 15 अगस्त, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो! आज हम इस पाठ में 'सामासिक शब्द' पढ़ेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो! अब मैं आपको 'सामासिक शब्दों' के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक समझेंगे।

बच्चो! दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर जो नया और छोटा शब्द बनता है, उस शब्द को सामासिक शब्द कहते हैं; जैसे - राजा का पुत्र = राजपुत्र

जब सामासिक शब्द के सभी शब्द अलग-अलग किए जाते हैं, तो वे विग्रह कहलाते हैं; जैसे -
राष्ट्रपिता = राष्ट्र का पिता

विग्रह के बाद सामासिक शब्द गायब हो जाते हैं।

बच्चो! अब मैं आपको कुछ सामासिक शब्द करवाऊँगी, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date -                                                            Class - V

Subject - Hindi Language                                    Page - 2

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| सामासिक शब्द | | विग्रह |
|---|---|---|
| 1 | भरपेट | पेट भरकर |
| 2. | देशविदेश | देश और विदेश |
| 3. | निर्भय | बिना भय का |
| 4. | यथाशक्ति | शक्ति के अनुसार |
| 5. | मनमाना | मन के अनुसार |
| 6. | भलाबुरा | भला और बुरा |
| 7. | चतुर्भुज | चार हैं भुजाएँ जिसकी |
| 8. | हिमालय | हिम का आलय |
| 9. | सेनानायक | सेना का नायक |
| 10. | राजदरबार | राजा का दरबार |
| 11. | देशसेवा | देश की सेवा |
| 12. | गौशाला | गौ के लिए शाला |
| 13 | रसभरा | रस से भरा |

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date-                                   class- V
Subject - Hindi Language                    Page - 3
Subject Teacher- Ms Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 14. | रोगपीड़ित | रोग से पीड़ित |
| 15. | रसोईघर | रसोई के लिए घर |

बच्चो! मैंने आपको सामासिक शब्द समझा दिए हैं। अब मैं आपको इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न-1. सामासिक शब्द किसे कहते हैं?
प्रश्न-2. निर्भय शब्द का विग्रह करें।
प्रश्न-3. रसोई के लिए घर का सामासिक शब्द लिखें।

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर-1. दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर जो नया और छोटा शब्द बनता है, उस शब्द को सामासिक शब्द कहते हैं।
उत्तर-2. बिना भय का
उत्तर-3. रसोईघर

**गृह कार्य :-** बच्चो! आप इन सभी सामासिक शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे और याद भी करेंगे।

धन्यवाद!

Last page.

Scanned with CamScanner